an>

Title: Need to check erosion caused by Koyal, Amanat and Soan rivers in Palamu and Garhwa districts of Jharkhand.

श्री विÂष्णु दयाल राम (पलामू) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने का अवसर दिया है।

महोदया, पलामू एवं गढ़वा जिले के अंतर्गत सोन नदी, उत्तरी कोयल एवं अमानत नदी से अत्यधिक कटाव हो रहा है। इससे न केवल कृÂिषयोग्य भूमि बर्बाद हो रही है, बल्कि लोग पलायन करने के लिए विवश हो रहे हैं, खासकर उत्तरी कोयल नदी के किनारे कागल गांव से सलखनी तक, उटारेरोड से मोहम्मदगंज तक, मोहम्मदगंज के भजनिया पंचायत में असीनगर का पूरा इलाका कटाव की चपेट में आ गया है। नदी का पानी कम होने पर खेतीयोग्य भूमि में बालू आ जाती है, जिससे वह खेती योग्यभूमि उपयोग में नहीं ला जा सकती। ऐसी परिस्थिति में यदि समय रहते कोई प्रभावकारी कदम नहीं उठाया गया तो बड़ी संख्या में लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

मेरा आपके माध्यम से माननीय जल संसाधन मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध है कि इस आशय का प्रस्ताव राज्य सरकार से जल्द मंगवाकर, इस पर त्वरित कार्रवाई की जाए, जिससे इस क्षेत्र के लोगों का पलायन रुक सके और जनता को राहत मिल सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री निशिकान्त दुबे एवं श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री विÂष्णु दयाल राम द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।